# बिहार विधान परिषद

## 212 बजट सत्र

# अल्पसूचित प्रश्न

## 26 फरवरी, 2026

----

[गृह - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - योजना एवं विकास - श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण - युवा रोजगार एवं कौशल विकास - वित्त विभाग - वाणिज्य कर - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - परिवहन - जल संसाधन - लघु जल संसाधन - समाज कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण ].

## अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या -17

----

### पईन का पक्कीकरण

**184 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

*अ - दिनांक 19 फरवरी, 2026 ई. से स्थगित।

(क) क्या यह सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के फल्गु नदी तेल बिगहा से नईली टाल तक नईली पईन का पक्कीकरण नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि नईली पईन का पक्कीेकरण संबंधी डी0पी0आर0 बन चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि अतरी विधान सभा में पटवन के लिए पानी का यही एक स्रोत है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेल बिगहा से नईली टाल तक पईन का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नाला की साफ-सफाई

190 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखंड पानापुर के ग्राम पंचायत राज कोंध एवं ग्राम पंचायत राज मोरवा के मध्य में माही नाला स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नाला की भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है;

*अ - दिनांक 19 फरवरी, 2026 ई. से स्थगित।

(ग) क्या यह सही है कि उक्त नाला की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण गाद (सिल्टेशन) से भर गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर नाला की साफ-सफाई/उड़ाही कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बांध का निर्माण

267 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क ) क्या यह सही है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखंड में पुनपुन नदी में पनतीत गांव में

बांध का निर्माण नहीं होने के कारण सैकड़ों गांव के हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई नहीं हो पा रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शीघ्र पुनपुन नदी पर पनतीत गांव के पास बांध का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मुआवजा एवं स्थायी पुनर्वास

268 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद राज्य के विभिन्न जिलों में दलितों, गरीबों एवं अन्य कमजोर वर्गों के विरुद्ध बड़े पैमाने पर बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत नालंदा जिले के शिवनन्दन नगर सहित कई स्थानों पर वर्षों से बसे गरीब परिवारों को बेदखल किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बुलडोजर कार्रवाई बिना वैकल्पिक आवास, पुनर्वास एवं आजीविका की व्यवस्था की गई, जो सर्वोच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार की नीतियों के विपरीत है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्रवाइयों पर तत्काल रोक लगाने, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा प्रभावित परिवारों को मुआवजा एवं स्थायी पुनर्वास उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आपराधिक घटना की रोकथाम

269 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है बेगूसराय जिले के वीरपुर थाना कांड संख्या- 227/25 दिनांक-

11 दिसम्बर, 2025 को 25 वर्षीय मुस्लिम युवक शहजादे रजा की हत्या रंगदारी नहीं देने के कारण कर दी गई तथा हत्यारे की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी है;

(ख) क्या यह सही है कि तेघड़ा ऊतरी वर्षों से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बावजूद वहाँ पुलिस शिविर की स्थापना नहीं हो सकी है;

(ग) क्या यह सही है कि अंचलाधिकारी तेघड़ा ने पुलिस शिविर के लिए स्थल का चयन कर सक्षम पदाधिकारी के पास स्वीकृति के लिए भेजा है, जो अभी तक लंबित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार हत्यारे की गिरफ्तारी, पुलिस शिविर की स्थापना एवं मृतक परिवार तथा उस इलाके में आपराधिक घटना की रोकथाम करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र का अधिष्ठापन

270 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के प्रखंड नवादा सदर अंतर्गत पंचायत- भगवानपुर के ग्राम- लोहड़ा में दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा वर्ग के लोग निवास करते हैं;

(ख) क्या यह सही कि ग्राम- लोहडा में दलित परिवार के छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं रहने के कारण 03 किमी दूरी तय कर ग्राम- लक्ष्मीपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र जाना पडता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्त्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम लोहड़ा में आंगनबाड़ी केन्द्र का अधिष्ठापन करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सिंचाई संरचनाओं का विस्तार एवं जल प्रबंधन

**271 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत बिहार में कृषि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार हेतु लघु सिंचाई संरचनाओं का तीव्र गति से विकास किया जा रहा है, जिससे किसानों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना के तहत आहर-पईन, तालाबों एवं अन्य पारंपरिक जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कर नये जल स्रोतों का निर्माण किया गया है तथा जल प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि लघु सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई हेतु कमांड क्षेत्र का विकास हुआ है तथा जल के बेहतर उपयोग से फसल उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है तथा इस योजना के अंतर्गत सिंचाई संरचनाओं के विस्तार एवं जल प्रबंधन सुधार को और गति देने के लिए कोई अतिरिक्त कार्ययोजना बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति के संबंध में

**272 डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि श्री संजय कुमार, उप वन संरक्षक, बिहार वन सेवा (सेवानिवृत्त), राजवंशीनगर, पटना- 23 वर्तमान में बिहार वन सेवा का सदस्य हैं;

(ख) क्या यह सही है कि यूनियन पब्लिक सर्विसेज को भारतीय वन सेवा में प्रोन्नति के लिए वर्ष 2011 के लिए वर्ष 2018 में विभाग द्वारा 10 नामों की सूची प्रस्तावित कर भेजा गया है जिसमें श्री संजय कुमार का नाम है;

(ग) क्या यह सही है कि श्री संजय कुमार के ऊपर और नीचे के व्यक्ति को चयन किया गया, परंतु श्री कुमार का नाम छोड़ दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड -'क' पर अंकित श्री संजय कुमार, उप वन संरक्षक, बिहार वन सेवा (सेवानिवृत्त), राजवंशीनगर, पटना - 23 का प्रस्तावित नाम भारतीय वन सेवा में प्रोन्नति के लिए भेजना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## तटबंध का मजबूतीकरण

273 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत बगहा-1 प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत- राज बसवरिया के करजनिया परसौनी से सिकरहना नदी गुजरती है;

(ख) क्या यह सही है कि सिकरहना नदी में भरे गाद एवं टूटे तटबंध से प्रत्येक साल अनेक ग्राम जैसे- करजनिया, परसौनी, हरपूर, बरियरवा, सलहा, पीपर, बसंतपुर आदि बाढ़ से प्रभावित होता है और जान-माल, फसल की हानि उठानी पड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिकरहना नदी का बाबा के पुल से सिसवा बसंतपुर तक गाद की सफाई एवं तटबंध को मजबूत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ

**274 डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्ववर्ती कोशी कमांड क्षेत्र विकास अभिकरण सहरसा (निदेशक जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान वाल्मी, फुलवारीशरीफ) के लिपिक के रूप में कार्यरत ललितेन्द्र कुमार सिंह प्रारंभिक वेतनमान से वेतन प्राप्त करते हुए 30.04.2010 को सेवानिवृत हुए;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय उच्च न्यायालय के C.W.J.C.No- 18727/2014 कमलाकांत ठाकुर बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में उच्च न्यायालय की पूर्णपीठ द्वारा दिनांक- 28.06.2024 का पारित न्यायादेश में तथा बिहार सरकार, वित्त विभाग के पत्रांक- 4862 दिनांक- 29.04.2025 के आलोक में बिना किसी विभागीय परीक्षा पास किये प्रथम कालबद्ध का लाभ देने का आदेश पारित किया गया और संबंधित कर्मी को लाभ हुआ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवकाश प्राप्त लिपिक ललीतेन्द्र प्रसाद सिंह के लंबित प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ देय तिथि से प्रदान करते हुए अगले वेतनमान में वेतन का पुनरीक्षण करते हुए कार्यरत अवधि का बकाया एवं सेवान्त लाभ का भुगतान अन्य कर्मी की तरह करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

**275 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत गोविंदपुर प्रखंड के डीह पंचायत के उत्तरी भाग में कब्रिस्तान स्थित है, जिसका खाता संख्या – 621 ,प्लॉट संख्या- 545, रकबा- 6 एकड़ तीन डिसमिल है;

(ख) क्या यह सही है कि मौजा – गोविंदपुर, थाना संख्या - 627 कब्रिस्तान सूची में क्रम संख्या- 169, राजस्व अभिलेखों में विधिवत दर्ज है;

(ग) क्या यह सही है कि इस कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने से कब्रिस्तान की भूमि पर असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर खेती की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कर अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वर्दी भत्ता की राशि में वृद्धि

276 **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **वित्त विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार में कई वर्षों से मोटर चालकों को वर्दी भत्ता के रूप में साल में एक बार पांच हजार रुपए मात्र का भुगतान किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि इस मंहगाई के जमाने में वर्दी का कपड़ा एवं सिलाई आदि के लिए 5000 रुपया की राशि बहुत कम है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोटर चालकों को वर्दी भत्ता राशि में वृद्धि कर दस हजार रुपए करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मिट्टी कटाई

277 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि आमस-दरभंगा, भारत माला परियोजना में मिट्टी भराई के लिए दरधा नदी के भखरी ग्राम के पास मिट्टी कटाई हेतु विभाग द्वारा अनापत्ति दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना में मिट्टी कटाई हेतु विभाग द्वारा जो शर्त दिया गया है, उसका उल्लंघन कर जहाँ-तहाँ एवं पैमाना से ज्यादा या कम गड्ढा में मिट्टी कटाई किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मिट्टी कटाई के पहले मार्किंग और मिट्टी कटाई के वक़्त विभाग का तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे, यह सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## एम.ए.सी.पी. का लाभ

278 डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):

क्या मंत्री, **श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विभागाधीन बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना में दि0 - 26.06.2009 को नियुक्त एवं दि0- 01.07.2009 को योगदान कर कार्यरत श्री प्रेम चन्द्र राम, पैंट्री लिपिक की सेवा 16 वर्ष से अधिक अवधि बीत जाने पर एम.ए.सी.पी. का लाभ नहीं दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में किसी कर्मी की सेवा 10 वर्ष बीत जाने पर एम.ए.सी.पी. का लाभ दिये जाने का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि किसी कर्मी की शैक्षणिक योग्यता एवं उम्र - सीमा नियुक्ति के समय ही देखा जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड - 'क' पर अंकित कर्मी को एम.ए.सी.पी. का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नशामुक्ति केंद्र

279 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में संचालित नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम से शराब एवं मादक पदार्थों की लत से पीड़ित व्यक्तियों के लिए डिटॉक्सिफिकेशन, परामर्श (काउंसलिंग) एवं पुनर्वास संबंधी सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि इन नशामुक्ति केंद्रों में मानसिक स्वास्थ्य सहायता के अंतर्गत काउंसलिंग, योग, ध्यान आदि गतिविधियाँ संचालित की जाती है तथा नशे के रोगियों के लिए इनडोर एवं आउटडोर उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि राज्य में कुल कितने नशामुक्ति केंद्र संचालित हैं तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में इन केंद्रों में उपचार हेतु कितने व्यक्ति आए हैं तथा तत्संबंधी वर्ष-वार विवरण से अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्राक्कलित राशि स्वीकृत

280 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बेगूसराय के अधीन गुप्ता लखमिनिया तटबंध के लिये भू-अर्जन हेतु तेहत्तर लाख सतरह हजार तीन सौ चौबीस रुपये की प्राक्कलित राशि उपलब्ध कराने की मांग की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बेगूसराय ने अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, खगड़िया को लगातार स्मारित किया गया है, लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों की भूमि के

अर्जन हेतु प्राक्कलित राशि स्वीकृत करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बीयर की मरम्मत

281 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के पुनपुन प्रखंड अंतर्गत मोरहर नदी के मोहनपुर बीयर की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार हेतु कार्य योजना बनाई गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बीयर की मरम्मति कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

पटना – 800015.

26 फ़रवरी, 2026.

अखिलेश कुमार झा,
सचिव
बिहार विधान परिषद्